भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1357

(जिसका उत्तर सोमवार, 6 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है)

क्रिप्टोकरेंसी संबंधी नियम और विनिमय

1357. श्री प्रज्ज्वल रेवन्नाः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश में क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग के संबंध में कोई नियम और विनियम नहीं बनाए जाने के क्या कारण हैं; और

(ख) वर्तमान में बिटकॉइन का उपयोग/व्यापार/निवेश करने वाले लोगों की संख्या का ब्यौरा क्या है और इसमें कितना निवेश किया गया है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क):सरकारी कार्य के भाग के रूप में लोक सभा बुलेटिन भाग-।। में क्रिप्टोकरेंसी और आधिकारिक डिजिटल मुद्रा विनियमन विधेयक को लोक सभा में पेश करने के लिए शामिल किया गया है जिसे सत्रहवीं लोक सभा, 2021 के सातवें सत्र में उठाए जाने की संभावना है।

(ख): सरकार ऐसे आंकड़े एकत्रित नहीं करती है।

*****